आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)

बुधवार 30.07.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश के सरकारी स्कूलों में आधुनिकीकरण और बेहतर शैक्षणिक वातावरण के लिए शिक्षा विभाग और उद्योग जगत के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– यह ऐतिहासिक कदम प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा।
- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की कल होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूरी। 10 हजार 915 पदों के लिए मतगणना सुबह आठ बजे से शुरू होगी।
- खेल मंत्री रेखा आर्या ने अल्मोड़ा में 24वीं उत्तराखंड स्टेट जूनियर एवं सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

**शिक्षा विभाग समझौता ज्ञापन**

प्रदेश सरकार ने शिक्षा के आधुनिकीकरण और बेहतर शैक्षणिक वातावरण देने के लिए उद्योग जगत के साथ मिलकर एक नई पहल शुरू की है। राज्य के 550 राजकीय प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में यह पहल शुरू की जा रही है। इसके तहत पर्वतीय क्षेत्र के अधिकतर विद्यालय शामिल किए गए हैं, ताकि विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बीच अवस्थित इन विद्यालयों में सीएसआर फंड से अवस्थापना सुविधाओं के साथ ही मॉडल क्लास रूम, कम्प्यूटर लैब, साइंस लैब, पुस्तकालय, फर्नीचर, शौचालय, खेल सामग्री, खेल मैदान और चारदीवारी आदि सुविधाओं से सुसज्जित किया जा सके। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज राजभवन में आयोजित ''कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व निधि के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार स्कूलों के निर्माण'' कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उनकी उपस्थिति में उत्तराखण्ड के सरकारी विद्यालयों में आधुनिकीकरण व बेहतर शैक्षणिक वातावरण के लिये सीएसआर निधि से होने वाले विकास के लिए शिक्षा विभाग और उद्योग जगत के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूती देने और नए युग की शुरूआत के लिए यह एक निर्णायक कदम है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक निर्णय है, जो प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा।

## बाल सुरक्षा जागरुकता रैली

विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर आज बागेश्वर जिले में बाल सुरक्षा यात्रा अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके तहत बागेश्वर के एक स्कूल में विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागेश्वर की सचिव अनीता कुमारी ने बच्चों को उनके मौलिक अधिकारों, विधिक संरक्षण और संबंधित कानूनों की विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने शिक्षा के अधिकार और बाल सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसके बाद स्कूल परिसर से भराड़ी टैक्सी स्टैंड तक जन–जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में छात्रों ने बाल अधिकार, शिक्षा और मानव तस्करी जैसे विषयों पर संदेशप्रद नारे लगाए और आमजन को जागरूक करने का प्रयास किया।

## पंचायत चुनाव मतगणना

राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की कल होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कुल 10 हजार 915 पदों के लिए मतगणना कल सुबह आठ बजे से शुरू होगी। मतगणना कार्य में 15 हजार 24 कार्मिकों के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में 8 हजार 926 जवानों की तैनाती की गई है। पंचायत चुनाव में कुल 34 हजार 151 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतगणना को पारदर्शिता से कराने के लिए सभी जरूरी इंतजाम कर लिए गए हैं। आयोग के सचिव राहुल कुमार गोयल ने बताया कि मतगणना की निगरानी प्रेक्षकों, जोनल मजिस्ट्रेट और पुलिस के अधिकारी करेंगे। सुरक्षा के दृष्टिगत सभी मतगणना केंद्रों पर आवश्यक बैरिकैटिंग कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि रिटर्निंग ऑफिसर के स्तर पर चुनाव परिणाम की घोषणा हो जाने के बाद आयोग की वेबसाइट पर इन्हें प्रदर्शित किया जाएगा। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजयी जुलूस निकालने पर प्रतिबंध रहेगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने जिलों को भेजे लिखित निर्देश में उम्मीदवारों के समर्थन में निकलने वाले जुलूसों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए कहा है।

गौरतलब है कि हरिद्वार को छोड़कर राज्य के 12 जिलों के 89 विकासखंडों में दो चरणों में हुए मतदान का प्रतिशत 69 दशमलव 1–6 रहा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 24 जुलाई और 28 जुलाई को मतदान हुआ था।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता

खेल मंत्री रेखा आर्या ने आज अल्मोड़ा के हेमवती नंदन बहुगुणा स्पोर्ट्स स्टेडियम के मल्टीपरपज हॉल में आयोजित 24वीं उत्तराखंड स्टेट जूनियर एवं सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। तीन अगस्त तक चलने वाली प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों की टीमों से लगभग 350 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर खेल मंत्री ने कहा कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को भविष्य में होने वाली राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की भी तैयारी कराती हैं।

## सावन मेला अल्मोड़ा

महिला कल्याण संस्था अल्मोड़ा की ओर से मां नन्दा देवी मंदिर परिसर में आज सावन मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुमाउंनी व्यंजन प्रतियोगिता, सेली सजाओ प्रतियोगिता, सांस्कृतिक प्रतियोगिता आदि आयोजित की गईं। अल्मोड़ा के विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि संस्था ने सावन मेले का आयोजन कर हमारी सांस्कृतिक विरासत को संजोने का काम किया है।

महिला कल्याण संस्था की अध्यक्ष रीता दुर्गापाल ने कहा कि सावन मेले को आयोजित करने का उद्देश्य अपनी संस्कृ ति को बढ़ावा देना और उसे संजो कर रखना है।